26.08.2026 आकाशवाणी जयपुर-अजमेर 18.30 पीएम

## प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी होगी-31 अगस्त तक नामाकंन दाखिल हो सकेंगे।
- मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियां के तहत आज भी कई कार्यक्रम आयोजित हुए-नवाचार के जरिए मतदान का कर्तव्य याद दिलाया गया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा -उनकी सरकार महिला सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रदेशभर में ईद मिलादुन्नबी आज अकीदत और अहतराम के साथ मनाई गई - रक्षा बंधन को लेकर तैयारियां जोरों पर है।

000

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामाकंन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी 31 अगस्त तक नामजदगी के पर्चे भर सकेंगे। 309 स्थानीय निकायों के चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण का मतदान 9 सितम्बर को होगा, वहीं दूसरे चरण के लिए 11 सितम्बर को वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 14 सितम्बर को की जाएगी। नगर परिषद सभापति और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव 21 सितम्बर को होगा। इस बीच प्रत्याशियों के चयन के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित प्रमुख दलों ने मंथन तेज कर दिया है। उम्मीदवारों से बाॅयोडेटा मंगाने के साथ ही छंटनी का काम किया जा रहा है। इधर पार्टियांे से टिकिट के लिए संभावित उम्मीदवार भी जोर-शोर से दमखम दिखा रहे हैं। इस बीच केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि उनकी पार्टी प्रत्याशी चुनने के लिए स्थानीय विधायक और संगठन का भी पक्ष जानेंगे। आज बीकानेर में मीडिया से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि भाजपा का टिकिट चाहने वालों से संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है जो उनके कार्य का परिचायक होगा।

000

स्थानीय निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिलों में इन दिनों स्वीप गतिविधियां परवान पर हैं। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कई नवाचार किए जा रहे हैं। जागरूकता रैलियों, प्रश्नोत्तरी और प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने का कर्तव्य याद दिलाया जा रहा है। बाड़मेर में रक्षा बंधन के त्यौहार को भी मतदाता जागरूकता से जोड़ने का नवाचार किया गया है। वहां राखियों पर मतदाता जागरूकता संदेश लिखे गये हैं।

000

राज्य में आगामी दिनों 309 नगरीय निकायों में 1 करोड़ 44 लाख से अधिक वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद और 252 नगर पालिकाओं के लिए दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि जयपुर नगर निगम में सबसे अधिक मतदाता हैं। वहीं बूंदी के इंद्रगढ़ में सबसे कम वोटर हैं। इस बीच चुनाव कार्य में नियुक्त कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए इन दिनों कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमें अधिकारियों और कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संचालन की जानकारी देने के साथ ही व्यावहारिक अभ्यास भी करा रही हैं। भयमुक्त, पादर्शी और स्वतंत्र चुनाव के लिए ज़िलों में प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए 1 लाख 15 हजार से अधिक कार्मिक नियोजित किये गये हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत मेरा युवा भारत - माय भारत द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम देशभर के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन युवाओं को खेल, नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण का साझा मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक और जन प्रतिनिधियों के साथ ही स्थानीय खेल हस्तियां भी युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए शामिल होगी।

000

राज्य सरकार की आरजीएचएस योजना में दवा वितरण में लापरवाही बरतने पर प्रदेश की 215 निजी फार्मेसियों का लाइसेंस अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर बीते दो महीनों के दौरान ये कार्रवाई की गई। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस में दवा वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। लंबे समय से दवा उपलब्ध नहीं कराने वाली फार्मेसियों को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं आने के कारण इन फार्मेसियों का लाइसेंस निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 39 फार्मेसी जयपुर से बंद की गई हंै। श्रीमती राठौड ने कहा कि राज्य सरकार, लाभार्थियों को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य कर्मचारियों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए आगे भी अनुपालना कार्यवाही की जाती रहेगी।

000

भारतीय चिकित्सा संघ- आईएमए ने इन्फ्लूएंजा ए (एच1एन1) के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। आईएमए का कहना है कि अधिकतर संक्रमण हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है। आईएमए ने लोगों को फ्लू के लक्षणों के लिए डॉक्टर की पर्ची के बिना एंटीबायोटिक्स न लेने की सलाह दी है। आईएमए ने विशेष रूप से एजिथ्रोमाइसिन, एमोक्सिसिलिन-क्लैवुलनेट और सेफिक्साइम जैसी एंटीबायोटिक्स खुद नहीं लेने की चेतावनी दी है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार महिला सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज जयपुर में रक्षा बंधन पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की हर महिला की प्रगति के लिए काम कर रही है।

000

इधर भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन के त्यौहार में महज एक दिन का समय शेष रहते प्रदेशभर में इसे मनाने को लेकर उल्लास का माहौल है। इन दिनों बाजार रंग-बिरंगी राखियों की अस्थाई दुकानों से अट गए हैं। राजधानी जयपुर के अंदरूनी बाजारों और बाहरी कालोनियों में आज छुट्टी के दिन राखी की खरीददारी परवान पर रही। भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधने के लिए बहिनों में उत्साह बना हुआ है। महिलाआंे को आवागमन सुविधा के लिए राजस्थान रोडवेज द्वारा भी विशेष इंतजाम किये गये हैं। रोडवेज की बसों में राखी पर राज्य सीमा में महिलाआंे को निःशुल्क यात्रा सुविधा दी गई है। इधर रेलवे स्टेशनों पर भी त्यौहार पर घर लौटने को लेकर भारी भीड बनी हुई है।

000

पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस आज देश दुनिया में ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जा रहा है। इसे बाराह बफात भी कहा जाता है। यह दिन अमन, भाईचारा और मानवता का प्रतीक है। इस सिलसिले में आज पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं पर “मिलाद महफिलें” और “सीरत सम्मेलन” आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में अकीदत और अहतराम के साथ निकाले जा रहे जुलूस को लेकर कानून और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जयपुर में चार दीवारी स्थित जियाउद्दीन चैराहे से शुरू हुआ मुख्य जुलूस अंदरूनी इलाकों से होता हुआ कर्बला पहुंचेगा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए जगह-जगह खाने-पीने की स्टाॅल सहित छबीलें लगाई गई हैं।

000

भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान- आईआईसीटी और नेटफ्लिक्स ने कहानी कहने वालों की अगली पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए 100 भारतीय विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को छह व्यावसायिक कार्यक्रमों में 80 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष अगस्त में नेटफ्लिक्स के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी टेड सारंडोस के साथ हुई बैठक के बाद की गई है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव और आईआईसीटी बोर्ड के अध्यक्ष चंचल कुमार ने बताया कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि आईआईसीटी की परिकल्पना भारत की विशाल रचनात्मक प्रतिभाओं और वैश्विक ।टळब् .ग्त् उद्योग की तेजी से बदलती जरूरतों के बीच एक सेतु के रूप में की गई थी।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यूजीसी-नेट, सीएसआईआर नेट तथा आईसीएआर-एआईईईए पीजी और एआईसीई पीएचडी 2026 परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम इस सप्ताह जारी करेगी। एजेंसी ने बताया है कि परिणाम और अंतिम उत्तर कुंजी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने को कहा है।

000

प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी भागों में आज कई जगहों पर माॅनसूनी बादल मेहरबान रहे। राजधानी जयपुर और आसपास के क्षेत्र में दोपहर बाद फिर अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज के लिए जयपुर सहित 20 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पूर्वी राजस्थान में तेज हवाएं चलने और कुछ जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग जयपुर केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बारिश का मौजूदा दौर 28 अगस्त से थमने का पूर्वानुमान है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अगस्त को आकाशवाणी के “मन की बात” कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल-फ्री नम्बर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 28 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

000